स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Ph. No. 0184-2254220, 2250127,
Fax No. 0184-4044504,
e-mail ID: nagarnigamkarnal@gmail.com
website: www.mckarnal.org.

# कार्यालय नगर निगम, करनाल।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एंव अन्य के रूप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29.09.2009 के आदेश के तहत निर्देश दिए कि इस तिथि के बाद सार्वजनिक सडकों, सार्वजनिक पार्को या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मंदिर, चर्च, मस्जिद या गुरूद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नही किया जाएगा या अनुमति नही दी जाएगी और प्रारंभिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी के बाद दिनांक 31.01.2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है।

उपरोक्त आदेशों की पालना में सरकारी भूमि, ग्रीन बेल्ट, सरकारी पार्क, सडक, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध धार्मिक संस्थान स्ट्रक्चर, भवन आदि को तुरन्त प्रभाव से हटा लें अन्यथा संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड–फोडकर हटा दिया जाएगा, जिसमे होने वाले हर्जा खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानों को चलाने वाले अनुयायी स्वंय जिम्मेवार होगे। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरूद्व दंडात्मक एंव न्यायालय के आदेश की अवमानना की कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

मुख्य सचिव
हरियाणा सरकार

Scanned with OKEN Scanner